सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 137 | इंदौर, सोमवार 01 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**सरपंच पुत्र की दबंगई**

## दस से ज्यादा बंदूकें और 100 राउंड फायर, ताबड़तोड़ गोलीबारी से सहमे बराती



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** जिले के मालनपुर थाना क्षेत्र के घिरोंगी गांव में एक शादी समारोह के दौरान जमकर हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। यहां ग्वालियर से आए डांसरों के कार्यक्रम के बीच युवकों ने लाइसेंसी हथियारों से करीब 100 राउंड फायर किए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार घिरोंगी के सूरज भान गुर्जर के भतीजे राहुल की शादी में रंगारंग कार्यक्रम रखा गया था। शादी में ग्वालियर से डांसर बुलाए गए थे। जैसे ही डांसरों का कार्यक्रम शुरू हुआ। कुछ युवक हथियार लेकर मंच के पास आ गए और लगातार फायरिंग करने लगे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में दस से ज्यादा बंदूकें मौजूद थीं और लगभग सौ राउंड से अधिक गोलियां चलाई गईं। भीड़ भरे कार्यक्रम में इस तरह की फायरिंग से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही, लेकिन किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया।

## बिहार पुलिस ने कुख्यात शिकारी राय को मारी गोली

**सारण, (एजेंसी)** बिहार में नई सरकार के गठन और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह मंत्री बनने के बाद से बिहार पुलिस एक्शन में है। अब छपरा में सारण पुलिस द्वारा रविवार की सुबह में सारण पुलिस, एसटीएफ और कुख्यात अपराधी नंद किशोर राय उर्फ शिकारी राय के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें कई संगीन हत्या के आरोपी शिकारी राय के पैर में गोली लगी है। हालांकि, पुलिस ने उसे मौके से ही पकड़ कर एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया है। जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि रविवार की शाम को एक शख्स की अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने दौड़ा कर नजदीक से सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद सारण पुलिस एक्शन में आकर हत्या की तहकीकात में जुट गई थी। उसके बाद CCTV फुटेज एक आधार पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बिशनपुर इलाके में सारण पुलिस और गठित SIT की टीम ने छापेमारी करने पहुंची थी।

**उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुरुआत:सीएम यादव बोले-**

# गीता हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए प्रदेशभर में 3 दिन होंगे आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के दशहरा मैदान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को सीएम मोहन यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साधु-संत, स्कूली बच्चे और बटुक शामिल हुए। सुबह करीब 9 बजे सीएम मंच पर पहुंचे और संत रंगनाथाचार्य महाराज का स्वागत किया। इसके बाद पंडितों द्वारा गीता श्लोकों का पाठ हुआ।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने गीता और श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा ने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी, जहां अमीर-गरीब का कोई भेदभाव नहीं था। यह विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। सीएम ने कहा कि गीता एक पवित्र ग्रंथ है, जिसे पाठ्यक्रम में विशेष महत्व दिया गया है। गीता ऐसी पुस्तक है जो हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए, क्योंकि वास्तविक और प्रैक्टिकल ज्ञान गीता से प्राप्त होता है।

सीएम ने आगे कहा कि उन्हें विधानसभा सत्र के लिए रवाना होना है। दोपहर में वे भोपाल में होने वाले गीता महोत्सव में शामिल होंगे और शाम को इंदौर में गीता भवन का लोकार्पण किया जाएगा। शाम 7 बजे दशहरा मैदान में प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण–गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन होगा।





### 3 दिन होंगे अलग-अलग कार्यक्रम

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जेल विभाग, श्री कृष्ण पाथेय न्यास एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान में तीन दिन तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों के सानिध्य में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर पाठ होगा। प्रतिदिन श्री कृष्ण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार 2 दिसंबर को शाम 7 बजे नई दिल्ली की कलाकार वैष्णवी शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा।

बुधवार 3 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

### गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं

वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने कहा कि गीता जयंती 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। यह महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा।

### इंदौर के गोपाल मंदिर में होंगे आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इंदौर के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन-गोपाल मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के मौके पर होगा। इस अवसर पर श्री संजीव मालवीय द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका कृष्णायन की प्रस्तुति होगी।

# मध्यप्रदेश में बढ़ी सर्दी,11 शहर 10 डिग्री से नीचे दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड का अनुमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। राज्य के 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा और ठिठुरन के चलते लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए। राजधानी भोपाल का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा, जबकि पचमढ़ी 7 डिग्री के साथ ठंड से जमा रहा। प्रदेश में सबसे ठंडा नौगांव रहा, जहां पारा 6.5 डिग्री तक लुढ़क गया।



### अन्य शहरों का तापमान

राजगढ़: 8.2 डिग्री
इंदौर: 9.0 डिग्री
बैतूल: 9.5 डिग्री
छिंदवाड़ा: 9.6 डिग्री
रीवा: 9.2 डिग्री
मलाजखंड: 9.1 डिग्री
उमरिया: 8.9 डिग्री

### ठंडी हवाओं से और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत से तेज ठंडी हवाएं आने के कारण आने वाले दिनों में तापमान और नीचे जा सकता है। कई जिलों में शीतलहर की स्थिति भी बन सकती है। दिसंबर में कई शहरों में पारा 5 डिग्री के नीचे जाने का अनुमान है, वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में इसका सबसे ज्यादा असर रहेगा।

### नवंबर में टूटा रिकॉर्ड

इस बार नवंबर में सर्दी ने ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ दिए। भोपाल में लगातार 15 दिन शीतलहर चली जो 1931 के बाद सबसे अधिक है। 17 नवंबर की रात तापमान 5.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो ओवरऑल रिकॉर्ड भी रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, नवंबर की शुरुआत में उत्तरी राज्यों में समय से पहले बर्फबारी होने से ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश तक पहुंचीं। आखिरी सप्ताह में हवा की दिशा बदली, जिससे मामूली राहत मिली।

### दिसंबर-जनवरी में क्यों पड़ती है कड़ाके की ठंड?

जैसे मानसून में जुलाई-अगस्त सबसे ज्यादा बारिश वाले महीने होते हैं, वैसे ही ठंड के मामले में दिसंबर और जनवरी सबसे अहम रहते हैं। इन्हीं दो महीनों में उत्तर भारत से सीधी ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश में प्रवेश करती हैं, जिससे दिन-रात के तापमान में तेज गिरावट आती है। पिछले 10 साल के आंकड़े भी यही ट्रेंड दिखाते हैं। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने पर दिसंबर में मावठा भी गिरता है, जिससे दिन में भी ठंड बढ़ जाती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, दिसंबर में कई शहरों में सर्द हवाएं चलेंगी, जबकि जनवरी में ठंड का पीक रहेगा और 20–22 दिनों तक कोल्ड वेव रहने की संभावना है। वहीं ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के सभी जिले, भोपाल संभाग के सीहोर, विदिशा, सागर संभाग के निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, रीवा संभाग के मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, जबलपुर संभाग के मंडला, डिंडौरी, इंदौर संभाग के इंदौर, धार, झाबुआ में ज्यादा ठंड पड़ने का अनुमान है।

# इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर से यात्रा होगी 30 मिनट में

## लुधियाना की कंपनी को मिला टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से उज्जैन के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक एमपीआरडीसी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाएगा। इसका टेंडर हाल ही में भोपाल में खोला गया, जिसमें लुधियाना की कंपनी सीगल इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे कम बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल किया।**




इससे अब 48 किलोमीटर में केवल 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इस नए हाईवे पर एटीएमएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पूरे मार्ग की सतत मॉनिटरिंग संभव होगी। यह विशेष रूप से कुंभ और वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात प्रबंधन में मददगार साबित होगा। इसके साथ ही, मौजूदा रोड पर ट्रैफिक दबाव भी काफी कम होगा, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा।

**यह रहेगा टोल सिस्टम-** नए हाईवे पर टोल सिस्टम मौजूदा इंदौर-उज्जैन स्टेट हाईवे की तरह होगा। इंदौर से जाने वाली गाड़ियों को शुरुआत में 5 किमी पर टोल देना होगा। उज्जैन से आने वाली गाड़ियों के लिए उज्जैन छोर पर टोल लगेगा, इंदौर छोर पर नहीं।

### हाईवे का ये रहेगा मार्ग और गांव

हाईवे पितृ पर्वत से शुरू होकर चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जाएगा। **चार प्रवेश बिंदु होंगे : 1.** इंदौर वाला छोर (पितृ पर्वत), **2.** उज्जैन वाला छोर (सिंहस्थ बायपास), **3.** इंदौर के वेस्टर्न बायपास को क्रॉस करने वाला पॉइंट, **4.** उज्जैन-बदनावर रोड को क्रॉस करने वाला पॉइंट। हाईवे से गुजरने वाले प्रमुख गांव- जंबूड़ी हप्सी, बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोर्डिया, जंबूड़ी सरवर, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, पीपल्या कायस्था, हरियाखेड़ी, खतेड़िया, रंगकोड़िया, काछल्या, बलघारा, पोटलोद, तुमानी, मगरखेड़ी, छितोड़ा, बालरिया, रालामंडल, लिंबा पीपल्या, गोंदिया, हासमपुरा, पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया, चांदमुख।

### प्रोजेक्ट की जानकारी

1. यह नया एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन हाईवे 48.10 किलोमीटर लंबा होगा।
2. हाईवे की चौड़ाई 60 मीटर होगी।
3. परियोजना का कुल मूल्य 2000 करोड़ रुपए है, जिसमें से 1089 करोड़ निर्माण लागत और शेष राशि भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगी।
4. प्रोजेक्ट हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत विकसित होगा।
5. काम की शुरुआत कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल होने की उम्मीद है।

# इंस्टाग्राम दोस्त की धमकियों से परेशान युवती ने कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर थाने में एक 24 वर्षीय युवती ने अपने इंस्टाग्राम दोस्त के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। युवक पर आरोप है कि वह युवती को लगातार परेशान कर रहा था, उसका पीछा करता था और बात न करने पर खुदकुशी कर उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देता था।

हीरानगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी गगन नामदेव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की एक टीम आरोपी की तलाश में भोपाल रवाना हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता युवती एक अकाउंटेंट फर्म में काम करती है। उसकी पहचान आरोपी गगन पुत्र प्रमोद नामदेव निवासी जहांगीराबाद मेन रोड भोपाल से वर्ष 2021 में इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। कुछ समय तक बातचीत चलती रही। फिर गगन लगातार




शक करने लगा और जबरन मिलने का दबाव बनाने लगा, जिसके चलते युवती ने उससे दूरी बना ली। पीड़िता के अनुसार 22 नवंबर को गगन उसका पीछा करते हुए ऑफिस पहुंच गया। ऑफिस के बाहर बात करने के लिए जोर जबरदस्ती करने लगा और बोला कि अगर वह बात नहीं करेगी तो वह जान दे देगा और उसके नाम को सुसाइड नोट में लिख देगा। युवती ने बताया कि गगन ने उसका हाथ पकड़कर जोर से मरोड़ दिया और धमकी दी कि "साथ नहीं चलेगी तो यहीं मर जाऊंगा नहीं तो तुम्हें ही मार दूंगा।" पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपी लगातार कॉल कर परेशान करता रहा। शनिवार को भी वह उसका पीछा करते हुए आया और अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद युवती ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

## पीतल की गीता

# 54 पेजों में 18 अध्याय और 700 श्लोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गीता जयंती के पहले पीतल की गीता तैयार की गई है। इसमें 54 पेजों में 18 अध्याय और 700 श्लोक अंकित किए गए हैं। इसमें भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र में हुआ संवाद भी वर्णित किया गया है। इसे तैयार करने वाले एडवोकेट लोकेश मंगल ने बताया कि जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी की प्रेरणा से समर्पण से संसार पुस्तक द्वारा



पीतल की श्रीमद् भगवद् गीता को 29 नवंबर की रात को जारी किया गया। इसमें 54 पेज हैं। गीता के 18 अध्याय और 700 श्लोक मौजूद हैं। यह महाभारत के भीष्म पर्व का एक हिस्सा है, इसमें भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच कुरुक्षेत्र युद्ध क्षेत्र में हुआ संवाद वर्णित है। उन्होंने बताया कि पीतल की गीता के एक पेज की लंबाई 7 इंच और चौड़ाई 5 इंच है। इसके पेजों की कटाई में 57 मिनट का समय लगा, जबकि पीएलटी फाइल बनाने में 6 घंटे 48 मिनट का समय लगा। साथ ही छपाई में 2 घंटे 40 मिनट लगे। इसे बनाने का निर्णय 27 नवंबर को लिया गया था। 28 नवंबर को इसका काम पूरा भी कर लिया गया।

# अब एडमिट कार्ड नहीं चेहरा बनेगा पास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** में रविवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय पदों की संयुक्त भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। इस बार परीक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया कुछ अलग रही, क्योंकि पहली बार मोबाइल ऐप के जरिए अभ्यर्थियों का वेरिफिकेशन किया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए पहली बार तकनीक का इस्तेमाल करते हुए मोबाइल ऐप से वेरिफिकेशन किया गया। जैसे ही अभ्यर्थियों ने ऐप में अपना चेहरा दिखाया और उनकी पहचान सुनिश्चित हुई, उन्हें प्रवेश दिया गया। यह नई व्यवस्था अभ्यर्थियों के बीच चर्चा और उत्सुकता का विषय बनी रही। चेहरे से पहचान होने पर कई अभ्यर्थी मुस्कुराते हुए नजर आए, हालांकि कुछ महिला अभ्यर्थी शुरुआत में थोड़ी असहज भी दिखीं। इंदौर शहर में परीक्षा के लिए कुल 21 केंद्र बनाए गए थे, जिनमें होल्कर कॉलेज, एसजीएसआईटीएस कॉलेज, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज, नूतन स्कूल और बाल विनय मंदिर शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 7878 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सुबह 9.30 बजे शुरू हुई, लेकिन सर्द हवाओं के बीच अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। यह परीक्षा ईपीएफ, एपीएफसी, ईओ और एओ जैसे पदों के लिए आयोजित की गई थी।

# संघ की गोष्ठी में गूंजे हिंदुत्व-राष्ट्रभाव समरस समाज के स्वर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ व्यापक संवाद किया। रवींद्र नाट्यगृह में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए लगभग 1000 प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया था। दोपहर 2.30 बजे शुरू हुए इस आयोजन में तीन क्रमबद्ध सत्र हुए। संघ की शताब्दी यात्रा, हिंदुत्व की विचारधारा और अंत में प्रश्न-उत्तर।

पहले सत्र में होसबाले ने 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ की शताब्दी यात्रा का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिस यज्ञकुंड में 1925 में राष्ट्रसेवा की पहली आहुति डाली गई थी, वह आज विश्व के सबसे बड़े संगठनों में से एक के रूप में खड़ा है। उन्होंने बताया कि संघ ने केवल शाखाओं का विस्तार नहीं किया, बल्कि संगठित, समरस और राष्ट्रनिष्ठ समाज निर्माण का उद्देश्य साधा। इस दौरान देशभर में संचालित 1.70 लाख सेवा प्रकल्पों-बाल संस्कार केंद्र, वनवासी कल्याण, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों का भी उल्लेख किया गया। द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर की राष्ट्रनीति, अनुशासन और आध्यात्मिक दृष्टि को उन्होंने संघ की निरंतर प्रेरणा बताया। होसबाले ने कहा कि राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और साझा स्मृतियों से निर्मित जीवंत चेतना है। दूसरे सत्र में सरकार्यवाह ने हिंदुत्व की वैचारिक आधारशिला पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि "हिंदुत्व सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि समाज का स्वभाव, जीवन का व्यवहार और मूल्य-मान्यता है।" उन्होंने कहा कि यह भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र। यही भाव भारतीय संस्कृति को प्रकृति संरक्षण का मूल संस्कार देता है। उन्होंने 'भारत' शब्द की व्युत्पत्ति बताते हुए कहा कि 'भा' का अर्थ प्रकाश है-अर्थात जो ज्ञान के प्रकाश में रत हो वही भारत है।

## फांसी लगाने वाली नवविवाहिता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर में रहने वाली एक नवविवाहिता ने 24 नवंबर को फांसी लगा ली थी। शनिवार रात एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जान देने से पहले उसने अपने पति से वीडियो कॉल पर बात की थी और उसके इंदौर आने के समय के बारे में पूछा था। अपनी 11 माह की बेटी को सुलाने के बाद उसने फांसी लगा ली।

पास में रहने वाली एक रिश्तेदार महिला ने उसे फंदे पर देखा और तुरंत परिवार को जानकारी दी। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, सोनम (22) पत्नी रवि चौरसिया, निवासी गौरी नगर, ने छह दिन पहले फांसी लगाई थी। उसी के चलते शनिवार रात उसकी मृत्यु हुई। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। उसके सास–ससुर और पति ललितपुर में थे। पति रवि ने बताया कि 24 नवंबर की शाम सोनम का कॉल आया था। दोनों ने वीडियो कॉल पर दो मिनट बात की और सोनम ने बेटी को दिखाया। बातचीत के दौरान उसने पूछा कि वह इंदौर कब पहुंचेगा। रवि ने बताया कि उसकी रात की बस की टिकट थी। कुछ देर बाद परिवार से फोन आया कि सोनम ने फांसी लगा ली। रवि और उसका परिवार मूल रूप से ललितपुर के रहने वाले हैं। करीब दो साल पहले रवि और सोनम की शादी हुई थी। रवि सब्जी और फल बेचने का काम करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यादव समाज के सामाजिक सम्मेलन में समाज की धर्मशाला की मांग उठी

## हर साल करवाएंगे नि:शुल्क सामूहिक विवाह प्रतिभावान बच्चों को किया जाएगा पुरस्कृत




समाज उत्थान और कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लेते समाजजन और अतिथि।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणेश्वरकुंड पर रविवार को यादव समाज का सामाजिक सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में इंदौर सहित प्रदेशभर के हजारों समाजबंधु शामिल हुए। नजारा मिनी कुंभ सा दिखाई दिया। सम्मेलन में समाजबंधुओं ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया। इनमें प्रमुख रूप से समाज की नई धर्मशाला की मांग उठी। इसके अलावा समाज का हर साल निःशुल्क सामाजिक सम्मेलन करवाने, प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाज की मातृशक्तियां भी शामिल हुई।

इस आयोजन के लिए अहीर यादव स्ट्रांग ग्रुप द्वारा शहर में पहली बार यादव समाज के इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। साधु-संतों के सान्निध्य में सम्मेलन की शुरुआत हुई। सम्मेलन आयोजक के.के. यादव और संयोजक पार्षद शिवम यादव ने बताया सम्मेलन के अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पं. सत्यनारायण सत्तन, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सभापति मुन्नालाल यादव, सुदर्शन गुप्ता, सत्यनारायण पटेल, योगेश यादव, अर्चना जायसवाल, अशोक चौहान चांदू, निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, भूपेंद्र केसरी, राजू भदौरिया, रमेश उस्ताद यादव आदि थे। सम्मेलन में महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज और दादू महाराज के सान्निध्य में सम्मेलन की शुरुआत हुई। अतिथियों ने कहा आयोजन की सराहना की और कहा यादव समाज शहर, प्रदेश और देश में सदैव ही स्ट्रांग रहा है और रहेगा। समाज का यह महाकुंभ समाज के सामाजिक उत्थान में नई भूमिका तय करेगा। इस तरह के आयोजन से नई सामाजिक जन चेतना का संचार होता है।

सम्मेलन के दौरान मंच से समाज की नई धर्मशाला की मांग उठी। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज की नई धर्मशाला बनाई जाए, इसके लिए जमीन की मांग भी की गई। इस पर पार्षद शिवम यादव ने कहा समाज की भव्य धर्मशाला के निर्माण के लिए पुरजोर प्रयास जारी है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी बात हो चुकी है। लगातार समाज की धर्मशाला के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों की अगवानी और स्वागत अतिथि सतीश यादव, पुरुषोत्तम यादव, सचिन यादव, मुकेश यादव, सुभाष यादव, बाबूलाल यादव मामा, संतोष यादव, प्रेम यादव, अनिल यादव, बाली गायकवाड़ आदि ने किया। मातृशक्तियों में सुषमा यादव, मंजू यादव, तारा यादव, कविता यादव, कांता यादव आदि ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली। सुबह से शाम तक चले सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। आयोजक के.के. यादव ने बताया 10 हजार से ज्यादा समाजबंधु सम्मेलन में शामिल हुए। इंदौर के अलावा देवास, उज्जैन, खंडवा, खरगोन सहित अन्य जगहों से भी समाजबंधु शामिल हुए। संचालन राजेश यादव ने किया। आभार परवेज पहलवान ने माना।

### हर वार्ड में बनाई जाएगी समाज की कार्यकारिणी, बच्चों के लिए होस्टल भी

अहीर यादव स्ट्रांग ग्रुप द्वारा सभी 85 वार्डों में समाज की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसमें अध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाएंगे। इंदौर के साथ ही प्रदेश में भी संस्था द्वारा अभियान चलाकर समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा।

सालभर में 5100 सदस्य बनाए जाएंगे।
समाज की 5 एकड़ जमीन में धर्मशाला और बच्चों के लिए होस्टल बनाया जाएगा
हर साल नि:शुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा।
समाज के 1100 छात्र-छात्राओं को हर साल पुरस्कृत किया जाएगा।
समाज की प्रतिभाओं और जरूरतमंद समाजबंधुओं को हरसंभव मदद ग्रुप द्वारा की जाएगी।

# कर्जदारों से परेशान युवक ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआं क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने आत्महत्या कर ली। शनिवार शाम परिजनों ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिवार के अनुसार, युवक को कर्जदार लगातार परेशान कर रहे थे और उसके मोबाइल पर उनसे लगातार कॉल आ रहे थे।**

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, पवन (24) पुत्र मनोज पाटिल, निवासी श्रीराम नगर, का शव शनिवार शाम फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा। पवन के जीजा शरद ने बताया कि उसे सबसे पहले पवन की मां ने देखा था।पवन के जीजा का कहना है कि उसके मोबाइल में इस मामले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां हैं, जिन्हें पुलिस जांच में शामिल करेगी। पवन वॉलपेपर लगाने का काम करता था। परिवार के अनुसार, अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने कुछ लोगों से कर्ज लिया था। ये सूदखोर 4 से 5% ब्याज पर राशि देते थे और अब उससे भारी रकम की मांग कर रहे थे। वे उसे फोन पर कॉल करके धमकाते थे। परिवार ने बताया कि पवन के मोबाइल में सभी कर्जदारों के नंबर और उनकी जानकारी दर्ज है, लेकिन उस पर कुल कितना कर्ज था, उन्हें पता नहीं है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। पवन के परिवार में उसका एक भाई है, जो निजी कंपनी में काम करता है, जबकि उसके पिता पेशे से ड्राइवर हैं। पवन की मौत के बाद उसके परिवार ने उसकी आंखें दान करने का फैसला लिया। रविवार सुबह एक संस्था की मदद से परिजनों ने उसकी आंखें दान कीं।

# चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से गई छात्र की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तेजाजी नगर बायपास पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के कारण 16 वर्षीय छात्र की जान चली गई। घायल छात्र को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ज्यादा खून बहने की वजह से डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ओमेक्स सिटी निवासी 16 वर्षीय गुलशन पिता रामकिशन के रूप में हुई है। गुलशन अपने भाई अरुण और दो दोस्तों, विशाल और कृष्णा, के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। ये सभी रविवार सुबह रालामंडल घूमने गए थे। वापसी के दौरान रास्ते में अचानक एक पतंग का मांझा बाइक की तरफ आया और सीधे गुलशन की गर्दन में फंस गया, जिससे उसे गहरा कट लग गया। गुलशन के साथ बाइक पर मौजूद उसके भाई और दोस्तों ने भी मांझे को हटाने के लिए उसे पकड़ने की कोशिश की, जिससे उनके हाथों में भी चोटें आईं। हालांकि, गुलशन की गर्दन पर लगा घाव काफी गहरा था। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उसने दम तोड़ दिया। गुलशन मूल रूप से ठीकरी अशोक नगर का रहने वाला था। वह 8वीं कक्षा का छात्र था और पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की आर्थिक मदद के लिए मजदूरी करने वाले पिता का हाथ बंटाता था।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, 1 दिसंबर, सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि गीता जयंती 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। यह महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा।

# जीएसीसी कॉलेज में पहली बार होगा एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम

## 800 युवाओं को दी जाएगी नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत इस रोजगार मेले में सैकड़ों युवाओं को नौकरी दिलायी जा रही है। इसी के तहत 1 दिसम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भँवरकुआं इन्दौर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

उप संचालक रोजगार पी. एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर है। युवाओं को नौकरी के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। मेले के माध्यम से कई प्रतिष्ठित कम्पनियों में 800 युवाओं को नौकरी दिलायी जाएगी। मेले में प्रतिष्ठित कम्पनियाँ जैसे - Rama Phosphates, PVR Inox, Aisect, Apple Flexpack, Step Academy, Balaji Group, Pharma Growth, Distil Education and Techology, Paytm, Just Dial, Blinkit, Sapphire Food KFC, Dr.Reddys. Ocean Motars, Mosaic Pvt.Ltd. Pharma Growth, Insta Connects, Shefali Business Solutions आदि द्वारा भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिष्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हैल्पर, टेक्नीशियन जैसे- (फिटर/इलेक्ट्रीशियन/टर्नर/ मशीनिष्ट, वैल्डर आदि), डिजीटल मार्केटिंग आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर नियुक्ति होगी। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की पाँचवीं/आठवीं /हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास है अथवा तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक है आवेदन कर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियाँ एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे- आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लाना होगी।

# मुख्यमंत्री बने ससुर, अभिमन्यु ने इशिता संग लिए सात फेरे, एक मंच पर विवाह बंधन में बंधे 22 जोड़े





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे-बहू के साथ आज कुल 22 जोड़ों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सात फेरे लिए। सभी विवाह स्थल पर घोड़े-बग्घियों पर सवार होकर निकले। सामूहिक सम्मेलन में 22 जोड़े के दूल्हा-दुल्हन दोनों और 44 परिवार के 25-25 लोगों को आमंत्रित किया गया है। कोई ज्यादा भी लाना चाहे तो उस पर कोई रोक नहीं लगाई गई। सभी वर एक साथ तोरण मार मंडप में बैठेंगे। मुख्यमंत्री के मित्र एवं परिवार के सदस्य रवि सोलंकी ने बताया सभी मेहमानों से उपहार नहीं लाने का आग्रह किया गया था।**

इस दौरान सीएम के बेटे ने कहा कि सामूहिक सम्मेलन में शादी कर रहे हैं, इसकी डबल खुशी है। इतना भव्य कार्यक्रम चल रहा है, काफी अच्छा लग रहा है। बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि आगे का जीवन सुखी रहे।

सामूहिक सम्मेलन में जोड़ों को आशीर्वाद देने बाबा रामदेव पहुंचे। धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम भी कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी पहुंचे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज भी पहुंचे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, सांसद अनिल फिरोजिया भी मौजूद रहे।

### सभी जोड़ों को बाबा रामदेव ने दिया उपहार

अखाड़ा परिषद सभी जोड़ों को सवा लाख रुपये और पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की है।

### अखाड़ों के महाराज जी की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को मिला आशीर्वाद

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी जी महाराज एवं जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री पूज्य स्वामी हरि गिरि महाराज की ओर से सभी नव दंपती को 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा की। सभी साधु संतों ने वेद मंत्रों के साथ दिया नवयुगल को आशीर्वाद दिया।

## मेहमूद मदनी के पुतले को जूते मारकर जलाया

**भोपाल, एजेंसी।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' वाले बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मदनी के पुतले पर जूते-चप्पलों की माला पहनाई और उस पर जूते भी फेंके। इसके बाद पुतला फूंका। संगठनों ने इसे देश और हिंदू समाज के खिलाफ दिया गया बयान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## श्रीलंका में फंसा मप्र का कारोबारी

**निवाड़ी, एजेंसी।** श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह के असर से भारत के तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। अब तक तमिलनाडु से तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, शनिवार तक श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 123 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 130 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री तीन दिन से फंसे हुए हैं। इनमें से एक गिरीश प्रेमानी भी हैं। उनका मध्यप्रदेश के ओरछा में प्रॉपर्टी का बिजनेस हैं। वे झांसी में रहते हैं। गिरीश प्रेमानी के परिवार के कुछ लोगों का श्रीलंका में कारोबार है।

## शिक्षक संघ के दफ्तर पहुंचे दिग्विजय

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 189 में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के दफ्तर में 30 वोटर्स के नाम सूची में दर्ज पाए गए हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मकान नंबर-70 (मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का दफ्तर) पहुंचकर बीएलओ से सवाल जवाब किए।दिग्विजय ने जब वोटर लिस्ट में दर्ज नामों का मिलान करना शुरू किया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। करीब 1250 वर्ग फुट के इस मकान में 30 लोगों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज थे। दिग्विजय ने बीएलओ से सवाल-जवाब किए तो उन्होंने भी स्वीकारा कि इस मकान में दर्ज वोटर भौतिक रूप से उन्हें अब तक नहीं मिले।

# पति कर रहा था दूसरी शादी, पहली पत्नी ने पुलिस के साथ मारी रेड

### दूल्हा मंडप छोड़कर छूमंतर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के मयूर गार्डन में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक महिला पुलिस के साथ अपने पति की दूसरी शादी रुकवाने पहुंची। पहली पत्नी के पहुंचने और पुलिस की भनक लगते ही दूल्हा विवाह स्थल से फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामले में जांच शुरू कर दी है।**

कंपू ईदगाह निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी 17 दिसंबर 2023 को इस्लामपुर निवासी जीशान मिर्जा से हुई थी। शादी के बाद लगभग एक महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन उसके बाद हालात बिगड़ने लगे। महिला का आरोप है कि जीशान उसके साथ मारपीट करने लगा और दहेज में एक लाख रुपये लाने की मांग करने लगा। महिला ने बताया कि उसके पिता का निधन हो चुका है और वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहती है। आर्थिक स्थिति के कारण वह दहेज की मांग पूरी नहीं कर सकी, जिसके चलते उस पर अत्याचार बढ़ गए।

आखिरकार महिला ने परेशान होकर महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पहले पति-पत्नी के बीच परामर्श कराने की कोशिश की, लेकिन बात न बनने पर जीशान और उसके परिवार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया। महिला का कहना है कि इसके बाद जीशान ने उसे कागज पर तीन तलाक लिखकर भेज दिया, जबकि कानूनन ऐसा तलाक मान्य नहीं है।

इसी बीच पड़ोसियों से पता चला कि उसका पति मयूर गार्डन में दूसरी शादी करने जा रहा है। वह तत्काल बहोड़ापुर थाने पहुंची, लेकिन वहां उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। एसपी धर्मवीर सिंह ने तुरंत थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम के साथ महिला शादी समारोह में पहुंची तो वहां अफरा-तफरी मच गई। पहली पत्नी को देखकर और पुलिस की मौजूदगी की भनक लगते ही दूल्हा शादी के स्टेज से कूदकर मौके से भाग निकला।

## भीषण हादसे में तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी**। जिले में ढाना चौकी क्षेत्र के पटनेश्वर मंदिर के पास शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बोलेरो वाहन ने तेज रफ्तार में सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना इतनी गंभीर थी कि बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसा होते ही पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार तीनों मृतक सागर शहर के साबू लाल मार्केट इलाके से मजदूरी का काम कर रहली वापस लौट रहे थे। वे मोटरसाइकिल पर सवार होकर रहली की ओर बढ़ रहे थे, तभी बोलेरो (एमपी 15 सीए 8033) ने अनियंत्रित होकर उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान रहली क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। इनमें दीना अहिरवार (45) निवासी हर्रा-सहूआ, किशन अहिरवार (50) वार्ड 05 रहली, और मथुरा (56) निवासी पथरिया, दमोह शामिल हैं। तीनों मजदूरी का कार्य करते थे और प्रतिदिन की तरह शनिवार शाम भी अपने घरों की ओर जा रहे थे।

# तीन सगे भाइयों को डंडों से पीटा, कुल्हाड़ी से काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी**। टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र के सिमरा खुर्द गांव में रविवार को जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस हिंसक घटना में तीन सगे भाइयों की मौत हो गई और 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जतारा अस्पताल में भर्ती कराया। विवाद लक्ष्मी प्रसाद लोधी की 6 बीघा जमीन को लेकर था, जो उनके चाचा घनश्याम लोधी के नाम पर थी। मृतक भाइयों और उनके परिजनों ने जमीन पर अपना दावा जताया था, जबकि आरोपी पक्ष ने ट्रैक्टर लेकर बुआई करने का प्रयास किया। रोकने पर उन्होंने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने अस्पताल जाकर पीड़ित पक्ष से मुलाकात की और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और एएसपी ने भी घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। खूनी संघर्ष में परमलाल लोधी, चतुर्भुज लोधी और बलराम उर्फ बल्ले लोधी की मौत हो गई। हमले में मुन्नी लोधी, रेखा लोधी, 7 वर्षीय स्नेहा लोधी और 17 वर्षीय करण लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जतारा थाना के एसआई एनएस ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## संपादकीय

# 'पराजय की निराशा से बाहर आएं'

संसद के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से खास अपील की है। उन्होंने कहा कि ये सत्र, संसद देश के लिए क्या सोच रही है, संसद देश के लिए क्या करना चाहती है, संसद देश के लिए क्या करने वाली है, इन मुद्दों पर केंद्रित होनी चाहिए। विपक्ष भी अपना दायित्व निभाए, चर्चा में मजबूत मुद्दे उठाए। पराजय की निराशा से बाहर निकलकर आएं। उन्होंने आगे दो टूक कहा कि एकाध पार्टी तो ऐसी हैं जो पराजय ही नहीं पचा पाते। पराजय ने कुछ दलों को परेशान कर दिया है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि पराजय से बौखलाहट नहीं होना चाहिए, विजय से अहंकार नहीं होना चाहिए। ये सत्र विजय के अहंकार में भी नहीं बदलना चाहिए। विपक्ष पराजय की हताशा से बाहर निकले। पीएम मोदी ने कहा कि ड्रामा करने के लिए बहुत जगह होती है, जिसको करना है करते रहे। यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। यहां नारे नहीं नीति पर बल देना चाहिए और वो आपकी नीयत होनी चाहिए। हो सकता है कि राजनीति में नकारात्मकता कुछ काम आती होगी लेकिन राष्ट्र निर्माण के लिए कुछ सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि अगर हमारे मीडिया के दोस्त एनालाइज करें, तो उन्हें पता चलेगा कि पिछले कुछ समय से इस हाउस का इस्तेमाल या तो इलेक्शन वार्म-अप के लिए किया जा रहा है या हार का गुस्सा निकालने के लिए। मैंने कुछ ऐसे राज्य देखे हैं जहां पावर में होने के बाद इतनी एंटी-इनकंबेंसी है कि वे जनता तक पहुंच नहीं पाते। वे लोगों के सामने अपनी बात नहीं रख पाते, और इसलिए वे अपना सारा गुस्सा हाउस में निकालते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि और कुछ पार्टियों ने हाउस का इस्तेमाल अपनी स्टेट पॉलिटिक्स के लिए करने का एक नया ट्रेंड शुरू किया है। अब उन्हें उस गेम पर फिर से सोचना चाहिए जो वे पिछले 10 सालों से खेल रहे हैं, जिसे देश एक्सेप्ट नहीं कर रहा है। उन्हें कम से कम अपने तरीके और अपनी स्ट्रेटेजी बदलनी चाहिए। मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हूं कि उन्हें कैसा परफॉर्म करना चाहिए, लेकिन कम से कम MPs के अधिकारों को इग्नोर न करें। उन्हें अपनी बात कहने का मौका दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद सत्र पर कहा कि ये शीतकालीन सत्र सिर्फ रस्म नहीं है बल्कि राज्य को प्रगति की ओर तेज गति से लेने जाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का काम ये शीतकालीन सत्र करेगा। ऐसा मेरा विश्वास है। जिस गति से आज भारत की आर्थिक स्थिति नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। विकसित भारत के लक्ष्य के और जाने में ये हममें नया विश्वास तो जगाती ही है, नई ताकत भी देती है।

## सैर सपाटा

### स्नो फॉल और बर्फ से घिरे पहाड़!

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए कल्पा है बेस्ट प्लेस, 3 दिन टूर का बना लें प्लान



बर्फ से घिरी वादियां और स्नोफॉल का मजा उठाना है तो शिमला, मनाली जैसे डेस्टिनेशन पर जाने का आइडिया पुराना हो चुका है। अब ऑफबीट प्लेसेज सुकून से छुट्टियां बिताने के लिए लोग पसंद कर रहे हैं। तो अगर इस क्रिसमस या न्यू ईयर के मौके पर किसी शांत, सुकून जगह पर जाना चाहते हैं। जहां पर स्नोफॉल का मजा भी मिल जाए तो कल्पा बेस्ट प्लेस हो सकता है। सर्दियों में यहां हैवी स्नोफॉल होती है और सड़के बर्फ से ढक जाती हैं। 3 दिन ट्रिप का प्लान बना रहे हो तो ट्रैवल व्लॉग बनाने वाले वांडर विद देवांश ने 3 दिन की आईटिनरी शेयर की है। जिसकी मदद से आप भी इस खूबसूरत जगह को देखकर अपनी छुट्टियों को यादगार बना सकते हैं।

### कैसे पहुंचे कल्पा

कल्पा हिमाचल में किन्नौर जिले में बसी एक छोटी सी जगह है। जो शिमला से करीब 260 किमी दूर है। यहां पहुंचने के लिए शिमला से पहले रेकांग पेयो और फिर 14 किमी दूर कल्पा जाया जा सकता है। देवांश ने बताया कि अगर कल्पा जाना है तो सबसे पहले शिमला पहुंच जाएं। यहां से एचपी टूरिज्म की बस से रेकांग पेयो होते हुए कल्पा पहुंचे।

### कहां रुकें

कल्पा जाने के लिए आपको कुछ नाइट स्टे लेने होंगे। क्योंकि रास्तों की खूबसूरती भी देखनी जरूरी है। तो सबसे पहले दिल्ली से शिमला पहुंचकर रातभर स्टे करें और अगले दिन शिमला से कल्पा के लिए जाएं। रेकांग पेयो में लोकल होमस्टे में रुकें। यहां पर आपको लोकल कल्चर और खाने-पीने का करीब से अनुभव होगा।

### कल्पा में एक्सप्लोर करने के लिए जगह

1. किन्नौर कैलाश की चोटी से सनराइज का मजा लें। बर्फ से घिरी चोटियों पर उगते सूरज की किरणों की छटा देखते बनती है। साथ भगवान शिव का घर बोले जाने वाले इस पर्वत पर बेहद शांति और सुकून मिलता है।
2. एप्पल ऑर्चर्ड को देखें और गांव में फैली नेचर की खूबसूरती का लुत्फ उठाएं।
3. हिमाचली लोकल लकड़ी के घरों को करीब से देखने का मौका मिलेगा और साथ ही गांव की मार्केट विजिट करें।
4. कल्पा के पास बसे गांव और सुसाइड प्वाइंट से दिख रहे सुंदर व्यू का मजा लें। साथ ही पास बने बौद्ध मठ को देखें। जो ईसापूर्व बनाए गए हैं। कलपा में नारायण नागानी मंदिर जरूर देखें। जो अपनी खास शिल्प कला के लिए फेमस है।

### इन बातों का रखें ध्यान

कल्पा में सर्दियों में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है। लेकिन किन्नौर से रोड रेकांग पेयो के लिए पूरे साल खुली रहती है। कई बार हैवी स्नो फॉल या लैंडस्लाइड की वजह से कुछ समय के लिए रोड को बंद किया जाता है। लेकिन आमतौर पर यहां पहुंचा जा सकता है।

गर्म कपड़ों के साथ कैश की व्यवस्था करके जाएं क्योंकि ऊंचे पहाड़ों में एटीएम और नेटवर्क दोनों का मिलना कई बार मुश्किल हो जाता है।

कल्पा छोटी सी जगह है जहां पर आप बिना किसी टैक्सी के पैदल वॉक कर सकते हैं।

New Delhi

# दिल्ली प्रदूषण में हल्की गिरावट, AQI 268, जंतर-मंतर पर 3 दिसंबर को बड़ा नागरिक प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली रविवार की सुबह एक बार फिर धुंध और प्रदूषण की चादर में लिपटी मिली. मौजूद जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे तक शहर का औसत AQI 268 दर्ज किया गया, जो 'घटिया' श्रेणी में आता है. यह आंकड़ा शनिवार के 305 के मुकाबले कम है और लगभग 24 दिनों बाद प्रदूषण स्तर में पहली उल्लेखनीय गिरावट मानी जा रही है.**



फिर भी राजधानी के कई इलाकों में हवा बेहद खराब बनी हुई है. शादिपुर का AQI 331, आरके पुरम 303 और जहांगीरपुरी 323 दर्ज किया गया, जो सभी 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं. नेहरू नगर का सूचकांक 316 और दिलशाद गार्डन का 304 रहा. वहीं आनंद विहार 282 और पतपड़गंज 280 के साथ 'घटिया' श्रेणी में रहे. NCR में फरीदाबाद 174 पर रहा, जबकि नोएडा 266 और गाजियाबाद 260 पर दर्ज किए गए हैं. बता दें कि CPCB मानकों के अनुसार AQI स्तर 0–50 'good', 51–100 'संतोषजनक', 101–200 'मध्यम', 201–300 'poor', 301–400 'बहुत खराब' और 401–500 'गंभीर' माना जाता है. गौरतलब है कि दिल्ली में 29 नवंबर तक लगातार 23 दिनों तक AQI 300 से ऊपर रहा, जो 2019 के बाद सबसे लंबी अवधि में से एक है.इस बीच, खराब हवा और बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं के बीच दिल्ली के नागरिक समूह फिर से सड़कों पर आ रहे हैं.

Tamil Nadu

तमिलनाडु में बस हादसा

# दो सरकारी बसों की भिड़ंत में 7 मरे, 40 घायल



**तमिलनाडु, (एजेंसी) तमिलनाडु में भीषण बस दुर्घटना, जिसमें सात लोगों की जान चली गई और 40 लोग घायल हुए, थिरुपथुर में हुई दो सरकारी बसों की सीधी टक्कर का परिणाम है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या में वृद्धि की आशंका जताई है।**

तमिलनाडु के थिरुपथुर के पास रविवार को दो सरकारी बसों की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस हादसे में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है और लगभग 40 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, एक बस कराईकुडी जा रही थी और दूसरी मदुरै, जब वे थिरुपथुर के पास सड़क पर टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई यात्री गाड़ियों के अंदर फंस गए। स्थानीय लोगों और आपातकालीन टीमों ने मौके पर पहुंचकर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को शिवगंगा सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कुछ यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है।हादसे के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। आपातकालीन सेवाएं अभी भी दुर्घटनास्थल पर मौजूद हैं।

Jammu

## कार धमाका मामले में एनआईए की ताबड़तोड़ छापामारी

**जम्मू, (एजेंसी)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली में हुए आतंकी हमले के संबंध में जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड समेत आठ ठिकानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई दिल्ली आतंकी हमले के मामले में महत्वपूर्ण सुराग जुटाने के उद्देश्य से की जा रही है। एनआईए की टीमों ने आज सुबह से ही जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड और अन्य संबंधित क्षेत्रों में स्थित आठ विभिन्न स्थानों पर अपनी तलाशी शुरू की है। इन ठिकानों पर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। एजेंसी का लक्ष्य इस हमले के पीछे किसी भी आतंकी गिरोह या व्यक्ति की संलिप्तता का पता लगाना और उन्हें न्याय के कटघरे में लाना है। हाल ही में दिल्ली में हुए एक आतंकी हमले ने देश की राजधानी को हिलाकर रख दिया था। इस हमले में कई लोग हताहत हुए थे और इसने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया था। इस घटना के तुरंत बाद एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी और तब से वह लगातार संदिग्धों की पहचान और उन्हें पकड़ा जा रहा है। एनआईए की एक टीम की रेड अभी शोपियां में मौलवी इरफान के घर पर चल रही है, जो दिल्ली ब्लास्ट केस के आरोपियों में से एक है।

Chhattisgarh

## 65 लाख के इनामी 37 माओवादियों ने छोड़े हथियार, 'नया रास्ता' की पहल रंग लाई

**दंतेवाड़ा, (एजेंसी)** सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता में, रविवार को दंतेवाड़ा में 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की। आत्मसमर्पण करने वालों में 12 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इनमें से 27 नक्सलियों पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशनों और मुठभेड़ों के बाद नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का फायदा उठाया है।

इन सभी नक्सलियों ने बस्तर रेंज पुलिस की 'पूना मारगेम' (स्थानीय बोली में 'नया रास्ता') पहल के तहत स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया।

'पूना मारगेम' अभियान उग्रवाद छोड़ने



वालों को पुनर्वास से लेकर सामाजिक मुख्यधारा में शामिल होने तक पूरा सहयोग प्रदान करता है।

SP राय ने जानकारी दी कि पिछले 20 महीनों में कुल 508 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली अब सरकार की पुनर्वास योजनाओं के तहत सम्मान और विकास की राह पर आगे बढ़ेंगे।

खेल

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया

### पहले वनडे में विराट कोहली का शतक; कुलदीप ने 4, हर्षित ने 3 विकेट लिए

**रांची। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रांची के JSCA स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बना दिए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी।**



भारत से कोहली ने 135, रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन को 2-2 विकेट मिले। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 11 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिर पारी संभाल ली। उन्हें मार्को यानसन का साथ मिला, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट हो गए। आखिर में कॉर्बिन बॉश ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन उनकी पारी काम न आई। सीरीज का दूसरा वनडे 3 दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा। सचिन से आगे निकले विराट भारतीय पारी में कोहली ने वनडे में 52वां शतक लगाया। वे क्रिकेट के किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर बन गए। विराट ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा, जिनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक हैं। टी-20 इंटरनेशनल में रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने 5-5 शतक लगाए हैं। क्रिकेट में 3 फॉर्मेट होते हैं, टेस्ट, वनडे और टी-20। रोहित ने तोड़ा शाहिद अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड 20वें ओवर में रोहित शर्मा ने मार्को यानसन की बॉल पर छक्का लगाया। इसी के साथ वे वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के 351 छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर रोहित शर्मा का कैच टोनी डी जॉर्जी ने छोड़ दिया। नांद्रे बर्गर की शॉर्ट गेंद पर रोहित ने पुल शॉट खेला। गेंद हवा में सीधे डीप स्क्वेयर लेग की ओर गई, जहां जॉर्जी ने कैच लपकने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथों से फिसलकर छाती से टकराई और नीचे गिर गई। 18वें ओवर में विराट कोहली ने अपनी फिफ्टी पूरी की। उन्होंने कॉर्बिन बॉश के ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। यह कोहली के वनडे करियर की 76वीं फिफ्टी रही। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर और तीसरी गेंद पर पॉइंट के ऊपर से छक्का लगाया। 27वें ओवर की तीसरी गेंद पर डेवाल्ड ब्रेविस के शानदार डाइविंग कैच से ऋतुराज गायकवाड पवेलियन लौटे। ओटनिल बार्टमैन की गुड लेंथ गेंद पर गायकवाड ने कवर की ओर ड्राइव खेला। शॉट अच्छी तरह टाइम हुआ और गेंद तेजी से पॉइंट की दिशा में गई। यहां ब्रेविस ने दाहिनी ओर हवा में उछलकर एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। गायकवाड 8 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## धुरंधर के पहले ही दिन बिके 20,000 टिकट, एडवांस बुकिंग से इतने करोड़ कमा चुकी



आदित्य धर के निर्देशन में बन रही एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग खोल दी गई है और इसे बहुत क्रेजी रिस्पॉन्स मिल रहा है। ट्रेड एक्सपर्ट सुमित कादेल ने बताया है कि पहले ही दिन फिल्म के 20 हजार से ज्यादा टिकट हाथो-हाथ बिक गए। अभी भी फिल्म की रिलीज में 5 दिन बाकी हैं, ऐसे में इसे बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग मिल सकती है। फिल्म कई वजहों से विवादों में भी बनी हुई है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है? आइए समझते हैं। ट्रेड विशेषज्ञ सुमित ने अपनी X पोस्ट में लिखा, 'धुरंधर को एडवांस बुकिंग के मामले में बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, क्योंकि पहले ही दिन फिल्म के 20,000 टिकट बिक गए हैं। बुक माय शो पर प्रति घंटे के हिसाब से ट्रेंडिंग शुरू हो गई है, जनता के बीच फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। क्योंकि अभी भी फिल्म की रिलीज में पांच दिन बाकी हैं, तो ऐसे में हम एक दमदार प्री-सेल की उम्मीद कर सकते हैं।' फिल्मों की कमाई के आंकड़े जारी करने वाले प्लेटफॉर्म सैकनिल्क के मुताबिक पहले दिन 2274 शोज चलाए जाएंगे।

## Highlights

1. Indian kicked for sleeping in open in Malaysia, says 'Want to return but boss has my passport'
2. Maulvi held in Nainital amid Delhi blast case probe
3. Official dies by suicide in UP after alleging stress due to SIR target
4. MP CM Yadav's son gets married at mass wedding event, Scindia joins baraat
5. Will listen to Oppn: Rijiju on SIR discussion demand in Parliament

# India to lead emerging market growth with 7pc GDP rise in 2025: Moody's




**NEW DELHI, (Agency).** Moody's Ratings on Friday said with a 7 per cent GDP expansion in 2025 and 6.4 per cent in the next year, India will lead growth among emerging markets and across the Asia Pacific region.

Moody's also said that India's domestic growth drivers underpin its economic resilience amid global uncertainty.

Although the Indian rupee has continued to weaken against the dollar, most rated companies have active currency risk management or strong financial buffers, while investment-grade entities have demonstrated access to international capital markets.

"India will lead growth among emerging markets and across the region, with GDP growing 7 per cent in 2025 and 6.4 per cent in 2026," Moody's Ratings said.

Its projected average GDP growth in APAC (Asia-Pacific) will remain steady at 3.4 per cent in 2026 compared with 3.3 per cent in 2024 and expected growth of 3.6 per cent in 2025.

On a weighted average basis, emerging markets will drive GDP growth in the region, with average growth of 5.6 per cent, compared to average growth of 1.3 per cent in advanced markets, Moody's said.

# Mahindra SUV sales rise 22%, tractor sales up 32% in November 2025

**NEW DELHI, (Agency).** SUV sales of Mahindra & Mahindra Ltd. rose 22% year-on-year to 56,336 units in November 2025, even as tractor sales surged 32% to 44,048 units, according to an exchange filing on Monday (1 December 2025).

Mahindra Auto sales in November 2025 (YoY)

SUV sales up 22% at 56,336 units

LCV sales up 17.39% at 8,568 units

3W sales up 7% at 8,568 units



Exports up 5% at 2,923 units

Total sales up 19% at 92,670 units

Mahindra tractor sales in November 2025 (YoY)

India sales up 33% at 42,273 units

Exports up 9% at 1,775 units

Total sales up 32% at 44,048 units

"There is a positive sentiment among farmers with record production this kharif season and increase in rabi sowing acreage," Veejay Nakra, president - farm equipment business at Mahindra & Mahindra, said in the filing. "The GST rate cut, coupled with higher MSP, is leading to positive cash flow for farmers and aiding tractor and farm implementrs demand."

### Mahindra Trucks & Buses

Total sales of Mahindra Trucks & Buses business rose 57% year-on-year to 2,232 units. Nearly half of this was accounted by SML Mahindra Ltd., which doubled its sales over the year-ago period.

# आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में जयस का प्रदर्शन

## नरोत्तम मिश्रा और अनिल मिश्रा पर एफआईआर की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में रविवार को आदिवासी संगठन जयस ने आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में एक विशाल पैदल मार्च निकाला। यह मार्च वर्मा के उस बयान के समर्थन में था जिसमें उन्होंने रोटी-बेटी के संबंधों और आरक्षण पर अपने विचार रखे थे। जयस कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने क्रांति सूर्य टंट्या भील चौराहे से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक पैदल यात्रा की और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।**



जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा ने इस मामले पर बात करते हुए कहा कि अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष और आईएएस संतोष वर्मा के बयान को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बेवजह विवाद खड़ा कर रहे हैं, जबकि वर्मा ने किसी भी समाज की महिलाओं का अपमान नहीं किया है। मुजाल्दा के अनुसार, उनके बयान की व्याख्या गलत दिशा में की गई है। मुजाल्दा ने स्पष्ट किया कि संतोष वर्मा ने सामाजिक समरसता के संदर्भ में यह बात कही थी। वर्मा का कहना था कि जब तक समाज में ऊंची और निम्न जातियों के बीच रोटी और बेटी यानी खान-पान और वैवाहिक संबंध सामान्य रूप से स्थापित नहीं हो जाते, तब तक आरक्षण को आर्थिक आधार पर करने की बात करना सही नहीं है। उन्होंने वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को यथावत रखने की वकालत की थी।

संगठन ने साफ किया है कि आईएएस वर्मा के समर्थन में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज एकजुट है और जरूरत पड़ने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। रविवार का पैदल मार्च इसी आंदोलन की एक कड़ी था। नेताओं ने चेतावनी दी है कि किसी भी निष्पक्ष अधिकारी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जयस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें रखी हैं। संगठन ने मांग की है कि आईएएस संतोष वर्मा को जारी किया गया नोटिस तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही, वर्मा को धमकियां देने वाले लोगों पर पुलिस केस दर्ज हो। इसके अलावा, संगठन ने पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और वकील अनिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की है।

# पत्नी और सास कर रहे थे प्रताड़ित युवक ने खाया जहर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गांधी नगर में रहने वाले एक युवक ने जहर खा लिया। उसके भाई और पिता ने मामले में पत्नी और सास पर आरोप लगाए है। उनके मुताबिक तलाक को लेकर पत्नी दबाव बना रही थी। इसे लेकर युवक डिप्रेशन में था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।**

गांधीनगर पुलिस के मुताबिक नया बसेरा में रहने वाले संजय(30) पुत्र भोलाराम अवासे ने शनिवार को जहर खा लिया था। रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। भाई नीलेश ने बताया कि संजय मजदूरी का काम करता है। उसने 6 साल पहले मुस्कान खरे नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था। परिवार में उसके दो बच्चे हैं।

दीपावली के समय मुस्कान अपनी मां के घर चली गई। इसके बाद वह लगातार संजय पर तलाक को लेकर दबाव बना रही थी। उसने पुलिस में भी संजय को लेकर शिकायत की थी।

दोनों के बीच शनिवार को मोबाइल पर बात हुई। इसके बाद संजय ने यह जानलेवा कदम उठा लिया। नीलेश के मुताबिक संजय को उसकी पत्नी के अलावा सास सपना और उसकी नानी भी परेशान कर रही थी। पुलिस ने परिवार के आरोप के बाद मामला जांच में लिया है।

## 17 साल की छात्रा ने जान दे दी

इंदौर के आजाद नगर में रहने वाली एक 17 साल की छात्रा राधिका पुत्री योगेश दुबे निवासी चौधरी पार्क ने अपने घर में फांसी लगा ली। रविवार दोपहर वह अपने घर में प्रोजेक्ट बना रही थी। इसके बाद भाई को उसने सामान लेने बाहर भेजा फिर फंदे पर झूल गई। भाई वापस आया तो राधिका को देखा। पुलिस के मुताबिक अभी पिता ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह इलाके में ही रहने वाले एक स्कूल में 11 क्लास की छात्रा थी। राधिका के पिता एक खिलौने की कंपनी में काम करते हैं। परिवार में छोटा भाई है। आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक